एक नजर में

जेसीबी से मुरम फैलाकर प्लॉट पर कब्जे का प्रयास

शुजालपुर, 11 जुलाई . शहर के फ्रीगंज क्षेत्र स्थित मालवीय धर्मशाला के पास निर्माणाधीन मकान के प्लॉट पर कथित कब्जे के प्रयास का विरोध करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया . पीड़ित का आरोप है कि तीन लोग जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और खाली जमीन पर जबरन कब्जा कर लोहे के एंगल व तार लगाने लगे . विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की, एंगल लेकर हमला करने दौड़े तथा जान से मारने की धमकी दी . वहीं जेसीबी चलाकर निर्माण कार्य के लिए रखी मुरम भी फैला दी, जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ . पुलिस के अनुसार फरियादी रघु परमार पिता लखनलाल परमार निवासी ग्राम पोचानेर हाल निवासी एमजी रोड शुजालपुर मंडी ने शिकायत दर्ज कराई है . उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे वह अपने निर्माणाधीन मकान पर पहुंचे थे . इसी दौरान राकेश मीणा निवासी दुबड़ी, रामबाबू मीणा निवासी देवलाखेड़ी तथा गोविंद मीणा निवासी निचलापुरा जेसीबी लेकर पहुंचे और प्लॉट की खाली जगह पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे .फरियादी के अनुसार जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने अभद्र गालियां दीं और लोहे के एंगल से हमला करने के लिए दौड़ पड़े . मौके पर मौजूद उनके भाई सागर सिंह परमार, चौकीदार बद्रीप्रसाद मीणा तथा अजय उर्फ बंटी देशमुख ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया . पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने जेसीबी से निर्माण कार्य के लिए रखी मुरम को फैला दिया, जिससे करीब 8 से 10 हजार रुपये का नुकसान हुआ . पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया .

विधायक ने सुनी समस्या, किया त्वरित निराकरण

शाजापुर, 11 जुलाई . विधायक कार्यालय पर रविवार को विधायक अरूण भीमावद ने लोगों की समस्याएं सुनी और कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कर दिया . जो समस्याएं विभागीय स्तर की थी उनके निराकरण के निर्देश भी विधायक द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए .दरअसल, विधायक अरूण भीमावद लंबे समय से विधानसभा के आवश्यक कार्यों के चलते लोगों से मिल नहीं पा रहे थे . जिसके चलते उनका लोगों से संपर्क नहीं हो पा रहा था . रविवार को वे विधायक कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई का आयोजन किया ताकि उनका लोगों से मिलना भी हो जाए और उनकी समस्या का भी समाधान किया जा सके . जिसके चलते उन्होंने विधानसभा वासियों से मिलने का समय निर्धारित किया . जिसकी सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने पहुंचे . कई लोगों ने अपनी समस्या बताई जिनका विधायक ने त्वरित निराकरण भी किया . इस दौरान करीब तीन दर्जन लोगों ने अपनी समस्याएं विधायक के सामने रखी जिनमें से कई समस्याओं का विधायक अरूण भीमावद ने मौके पर ही निराकरण किया और संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित किया . वहीं जो विभाग संबंधी कार्य थे उनके लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए . इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष पं .आशीष नागर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, नगर मंत्री विकास सिंदल, महामंत्री गोविंद नायक, दिलीप सिंदल आदि उपस्थित थे .

भारतीय किसान संघ की जिला बैठक

आगर-मालवा, 11 जुलाई . भारतीय किसान संघ जिला इकाई की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी किसान भवन आगर में जिला अध्यक्ष रामनारायण तेजरा की अध्यक्षता एवं प्रान्त संगठन मंत्री अतुल माहेश्वरी, प्रान्त उपाध्यक्ष डूंगरसिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्पन हुई. बैठक में मुख्य वक्ता अतुल माहेश्वरी द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए एकहा कि सभी कार्यकर्ताओं के गुणात्मक विकास एवं संगठन के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रत्येक जिले में कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण होना अनिवार्य है . इसके लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण 20 एवं 21 जुलाई को किया जाएगा . जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे . तहसील इकाई के प्रत्येक कार्यकर्ता को मेरा गांव, मेरे दो गांव के लिए रचना करके सभी ग्राम इकाई तक भारतीय किसान संघ के कार्य को पहुंचाना है .इसी के साथ आपने कहा कि आने वाले समय मे हमें धरती मां के श्रंगार के लिए अधिक से अधिक परिणात्मक पौधारोपण करना है . यह वर्ष अंतराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष होने के उपलक्ष्य में दिल्ली में आयोजित महिला किसान सम्मेलन में जिले से अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना है . बैठक को जिलाध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय मे जिला प्रशिक्षण वर्ग, महिला सम्मेलन एवं प्रवास योजना बनाकर जिले में अधिक से अधिक गांवो में ग्राम समितियों का निर्माण करना है . बैठक में उपस्थित कर्तकर्ताओं ने फसल बीमा, खाद बिजली ए एवं राजस्व से संबंधित समस्याओं को पदाधिकाररियों से समुख रखा गया . उक्त समस्याओं के समाधान के लिए आने वाले समय मे जिला कलेक्टर कार्यालय पर घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन किया जाएगा . जिला बैठक को डूंगरसिंह सिसोदिया एवं जिला मंत्री रघुसिंह चौहान ने भी संबोधित किया . जिला बैठक में जगदीश पाटीदार, बनेसिंह यादव, उमेश पाटीदार, रमेश लववंशी शंभु सिंह, जगदीश सिंह, शंकरसिंह सहित सभी तहसीलों के अध्यक्ष, मंत्री व कार्यकारणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे . बैठक का संचालन गोपाल चौधरी ने किया . जानकारी प्रमोद जोशी ने दी . उक्त जानकारी जिला प्रवक्ता प्रमोद जोशी ने दी .

चला स्वच्छता व पौधारोपण अभियान

सुसनेर, 11 जुलाई . विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत दूसरे दिन एक पन्या स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में स्वच्छता एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया . कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण भी किया . इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि सेवा सप्ताह का उद्देश्य केवल धार्मिक स्थलों की स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरण करना भी है . मंदिर परिसर की साफ. सफाई के साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया .कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे . जिसमें प्रखंड संयोजक अनुराग कानूडियाए प्रखंड उपाध्यक्ष शिवम शर्मा, प्रखंड सह मंत्री मनीष राठौर, सह मंत्री बंटी रजक, गोरक्षा प्रमुख सुरेश मीणा, बजरंग दल गोरक्षा प्रमुख राहुल गहलोत, विद्यार्थी प्रमुख रवि दय्या, खंड अध्यक्ष जयेश जैन, खंड मंत्री आयुष शुक्ला, खंड मंत्री चैतन बैरागी व देवेंद्र शर्मा, रक्षित जैन, रवि टेलर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे .सभी ने सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए समाज से भी ऐसे अभियानों में भाग लेने की अपील की .

अमृत 2 .0 योजना के तहत नगर परिषद परिसर में हुआ वृक्षारोपण

सुसनेर, 11 जुलाई . पर्यावरण संरक्षण और शहर को हरित बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की अमृत 2 .0 योजना के अंतर्गत शनिवार को नवीन नगर परिषद भवन परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया . कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं नगर परिषद के अधिकारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया . उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट को देखते हुए वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है . प्रत्येक नागरिक को पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा . भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ . सौरभ जैन ने कहा कि अमृत 2 .0 योजना केवल आधारभूत सुविधाओं के विकास तक सीमित नहीं हैए बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को भी बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है . नगर परिषद द्वारा शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है . नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने भी अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया . कार्यक्रम के दौरान परिसर में नीम, पीपल, बरगद सहित विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया . इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जैन खुपवाला, ईश्वर कावल, युगल परमार, जितेंद्र सावला, दिलीप जैन, अर्जुन जादमे, टोनी शेख, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया सहित जनप्रतिनिधि, पार्षदगण तथा नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे .

अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में किया पौधारोपण

शाजापुर, 11 जुलाई . जिले के मोहन बड़ोदिया स्थित शासकीय महाविद्यालय परिसर में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया . यहां विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए . साथ ही उन्हें पेड़ बनने तक सुरक्षा का भी संकल्प लिया गया . आर्यावर्त शासकीय महाविद्यालय मोहन बड़ोदिया में बैंक आफ इंडिया, महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को पौधरोपण अभियान चलाया गया . यहां महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो .मनोज लश्करी सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं बैंक के समस्त स्टाफ ने पौधारोपण किया .

सरकारी जमीन को वक्फ में शामिल कराने में जिला वक्फ की भूमिका !

जिस जमीन को कलेक्टर ने सरकारी घोषित किया, उसके बाद उसे वक्फ में कैसे शामिल किया

शाजापुर, 11 जुलाई. शाजापुर नईसड़क स्थित गेब शाह वली दरगाह को अप्रैल 2024 में शाजापुर कलेक्टर द्वारा शासकीय घोषित किया गया, लेकिन अगस्त 2024 में मप्र वक्फ बोर्ड में इसे वक्फ की जमीन के रूप में दर्ज कर लिया गया. याने कि कलेक्टर के आदेश के बाद जिला वक्फ कमेटी द्वारा इसे वक्फ में शामिल कराया गया. यह मामला हाईकोर्ट तक भी गया, लेकिन वहां इन्हें राहत नहीं मिली और इनका प्रकरण हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया. अब सवाल यह उठता है कि आखिर 14 अगस्त 2024 को वक्फ के रजिस्टर में की गई प्रविष्ठि किस सक्षम अधिकारी के आदेश अथवा स्वीकृति के आधार पर दर्ज की गई. जिला वक्फ की भूमिका की भी जांच होना चाहिए.

गौरतलब है कि नईसड़क स्थित गेब शाह वली दरगाह की जमीन को पुलिस चौकी के लिए आरक्षित किया गया था, जिसे अप्रैल 2024 में शाजापुर कलेक्टर न्यायालय द्वारा सरकारी घोषित किया गया लेकिन 14 अगस्त 2024 को इस जमीन को मप्र वक्फ बोर्ड में शामिल कर लिया गया. बकायदा वक्फ बोर्ड के चेयरमेन सनवर पटेल ने इसे वक्फ में शामिल करने की अनुशंसा की थी. सनवर पटेल को हाल ही में भाजपा ने फिर वक्फ का चेयरमेन मनोनीत किया है. सवाल यह है कि इस प्रविष्ठि के समर्थन में कौन-कौन से मूल दस्तावेज, अधिसूचना, वक्फ डीड, सर्वे रिपोर्ट अथवा सक्षम अधिकारी का आदेश कौन सा था, जिसके आधार पर उक्त शासकीय भूमि को वक्फ के रजिस्टर में दर्ज किया गया.

क्या कार्यवाही होगी जिला वक्फ कमेटी पर ...

जिस जमीन को अप्रैल 2024 में सरकारी घोषित किया गया, उसके चंद महीने बाद शाजापुर जिला वक्फ कमेटी द्वारा उक्त जमीन को वक्फ में कैसे शामिल कराया गया . यदि जिला प्रशासन ऐसी और जमीनों की पड़ताल करेगा, तो कई सरकारी जमीनें इसी प्रकार वक्फ में शामिल की गई है . जिला प्रशासन को अब जिला वक्फ कमेटी की संदिग्ध भूमिका की भी जांच करना चाहिए कि सरकारी जमीन वक्फ में किस आधार पर दर्ज की गई है और इसमें सरकारी अधिकारी-कर्मचारी की मिलीभगत वक्फ कमेटी के साथ तो नहीं है .

इन सवालों का जवाब कौन देगा ...?

पहला प्रश्न 14 अगस्त 2024 को वक्फ रजिस्टर में की गई प्रविष्ठि किस सक्षम अधिकारी के आदेश से दर्ज की गई . दूसरा सवाल उस प्रविष्ठि के समर्थन में कौन सा मूल वैधानिक दस्तावेज अधिसूचना या अन्य रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई, जिसके आधार पर शासकीय भूमि को वक्फ रजिस्टर में शामिल किया गया . तीसरा सवाल प्रविष्ठि दर्ज करने से पूर्व क्या संबंधित राजस्व अभिलेखों, बंदोबस्त रिकॉर्ड, शासकीय दस्तावेजों और उपलब्ध वक्फ अभिलेखों का विधिवत परीक्षण एवं सत्यापन किया गया था . यदि इनका सत्यापन किया गया, तो इसका अभिलेखीय आधार क्या है . इन सब प्रश्नों के अलावा सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि शाजापुर जिला वक्फ कमेटी की भूमिका या दायित्व था या नहीं . जिला वक्फ कमेटी द्वारा किस आधार पर संबंधित भूमि की स्थिति का परीक्षण किया और वक्फ में शामिल करने की अनुशंसा कर दी . शाजापुर शहर में ऐसे कई मामले उजागर हो सकते हैं जो शासकीय जमीन को वक्फ के अभिलेखों में कूटरचना के साथ दर्ज कराए गए हैं .

खेत में गिरा मौसम विभाग का उपकरण

शाजापुर, 11 जुलाई. जिले के ग्राम मदाना में रविवार को अपने खेत पर काम कर रहे एक किसान को एक उपकरण मिला. जिसे देख वहां लोगों में खलबली मच गई. कोई इसे ड्रोन बता रहा था तो कोई खोजी मशीन कह रहा था. जब कुछ समझ नहीं आया तो किसान ने उस मशीन को पुलिस के सुपुर्द कर दिया. घटना दोपहर करीब 2 बजे की है जब मौसम विभाग की एक मशीन सर्वेक्षण उपकरण शनिवार को खराबी आने की वजह से मदाना के रहने वाले कुमेरसिंह के खेत में आ गिरी. जिसे देखकर कुछ देर के लिए पूरे इलाके में खलबली मच गई. जानकारी के मुताबिक यह मशीन मौसम की जानकारी और आंकड़े इकट्ठा करने के लिए आसमान में छोड़ी गई थी.

पुलिस महकमे का खगोलीय परिवर्तन : शुक्ल पक्ष बनाम कृष्ण पक्ष

पुलिस डायरी
मनोज पुरोहित

जिले के पुलिस महकमे में इन दिनों खगोल विज्ञान का बड़ा ही विचित्र और अद्भुत प्रभाव देखने को मिल रहा है. नवागत पुलिस अधीक्षक की आमद क्या हुई, जिले की पुलिसिंग के कैलेंडर में अचानक ऋतु परिवर्तन हो गया है. अब यहां दिन-रात का हिसाब सूर्य-चंद्रमा से नहीं, बल्कि फाइल और फरमान से तय होता है. पुलिस महकमे में कुछ थाना प्रभारियों के लिए शुक्ल पक्ष चल रहा है, तो कुछ के लिए कृष्ण पक्ष शुरू हो गया है. कुछ थाना प्रभारियों के लिए तो आने वाला समय घोर कृष्ण पक्ष के रूप में साबित हो सकता है. जिन थानांतर्गत जंगल-जंगल, गली-गली जुएं की बहार थी, सट्टे का बाजार गुलजार हो रहा था, उनका शुक्ल पक्ष अब खत्म हो गया है. अब उनकी कृष्ण पक्ष जैसी स्थिति बन गई है. जो पुलिसकर्मी सही मायने में काम करना चाहते थे, लेकिन उन्हें खादी के आगे बेबस होते देखा गया, उन्हें भी अब उम्मीद है कि अब उनकी खाकी, खादी के सामने उतनी नहीं झुकेगी, जितनी झुक चुकी थी. पुलिस महकमे में यह खगोलीय बदलाव वाकई रोचक है. अकर्मण्य पुलिसकर्मियों को लग रहा है कि यह अंधेरा कभी खत्म नहीं होगा, जबकि जनता उम्मीद लगाए बैठी है कि साहब का यह शुक्ल पक्ष जल्द ही अमावस्या की काली रातों को पूरी तरह मिटा देगा. वैसे, पुलिसिंग के इस पंचांग में एक डर यह भी है कि कहीं यह शुक्ल पक्ष बस कुछ दिनों का अमावस्या आने तक का त्योहार न बनकर रह जाए. फिलहाल तो साहब के डंडे की धमक और सख्त मिजाज ने जुआरियों और सटोरियों के कारोबार में ऐसा ग्रहण लगा दिया है कि उन्हें अब दिन में भी सितारे नजर आने लगे हैं. पुलिस महकमे का यह कालचक्र घूमता रहे तो ही बेहतर है. क्योंकि जब तक भ्रष्टों का कृष्ण पक्ष बना रहेगा, तभी आम जनता के जीवन में शांति की चांदनी खिली रहेगी.

सालों बाद सिग्नल पर नजर आ रहे हैं पुलिसकर्मी

शाजापुर के ट्रेफिक सिग्नलों पर सालों बाद पुलिसकर्मी नजर आ रहे हैं. अभी तक तो ट्रेफिक सिग्नल भगवान भरोसे थे, लेकिन अब लग रहा है कि आने वाले समय में यातायात भी सुधार की ओर बढ़ सकता है. छतरी तरस गई थी पुलिसकर्मियों को देखने के लिए. अब लगता है कि छतरी और पुलिसकर्मियों का एक बार फिर मिलन होगा और शहर के यातायात में सुधार की गुंजाइश शुरू होगी.

बिना पूंजी लगाए साहब की अच्छी आवक

पुलिस महकमे में एक साहब हैं. वे किस्मत के धनी हैं कि उनकी कुर्सी पर आने वाला आया नहीं, इस कारण उन्हें कुर्सी सौंप दी. वैसे यह कुर्सी लेने के लिए भोपाल से रिचार्ज कराना पड़ता है, लेकिन वे बिना रिचार्ज कराए ही इस कुर्सी के मालिक हैं और महीने की अच्छी आवक के मजे ले रहे हैं. थानों पर रुतबा बरकरार है और महीने की बंदी भी तैयार है. याने बिना पूंजी लगाए साहब की पौ बारह हो रही है. बिना पूंजी का यह काम ऐसा हो गया है कि न हींग लगे न फिटकरी और रंग चौखा.

अंत में...

शुक्ल पक्ष है उनका जो ईमान पर चलते रहे... कृष्ण पक्ष में वो हैं, जो जुआरियों-सटोरियों के दम पर पलते रहे...

पर्यावरण संरक्षण : 500 पौधे रोपे

शाजापुर, 11 जुलाई. पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से जिला अग्रणी प्रबंधक शाजापुर एवं बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व में जिले की समस्त बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शाजापुर परिसर एवं जिले के विभिन्न जगहों पर लगभग विभिन्न प्रकार के 500 पौधों का रोपण किया गया.

इस अवसर पर जिला अग्रणी प्रबंधक शैलेन्द्र सुमन, आरसेटी निदेशक सत्यवीर सिंह चौहान, बैंक ऑफ इंडिया शाजापुर शाखा के मुख्य प्रबंधक निशांत कुमार जैन तथा बैंक अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. सभी उपस्थित अधिकारियों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया. कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

आज 8 से 12 .30 तक बंद रहेगी बिजली

शाजापुर, 11 जुलाई. जिला हॉस्पिटल में काम होने और न्यू कलेक्ट फीडर का अंतिम कार्य होने के कारण 12 जुलाई को लालघाटी उपकेंद्र से निर्गमित 11 केवी जेल एवं 11 केवी इमरजेंसी सुबह 8 से दोपहर 12.30 बजे तक बंद रहेगा. जिसमें हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, जिला पंचायत, जेल, कलेक्ट्रेट, ट्रामा सेंटर, डाइट कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय, एसपी ऑफिस, विजय नगर, ज्योति नगर, राजराजेश्वरी मंदिर, डॉ भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल और ज्योति नगर आदि क्षेत्रों का विद्युत प्रदाय बंद रहेगा.

बाल संसद बैठक में बच्चों को बताए अधिकार

शुजालपुर, 11 जुलाई. ग्राम ढाबला घोसी में शनिवार को बाल संसद विषय पर बैठक आयोजित की गई. बैठक में कृपा सोशल वेलफेयर सोसायटी उज्जैन के चीफ कोऑर्डिनेटर संतोष मनोरिया एवं कम्युनिटी एजुकेटर अमरसिंह राजपूत ने बच्चों को बाल संसद की भूमिका और उनके अधिकारों की जानकारी दी.

वक्ताओं ने बताया कि प्रत्येक बच्चे को जीवन, विकास, सहभागिता और सुरक्षा के चार मूल अधिकार प्राप्त हैं. इन अधिकारों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और अपनी बात रखने का अवसर मिलता है. उन्होंने कहा कि यदि ये अधिकार नहीं होते तो बाल श्रम, बाल विवाह और शोषण जैसी समस्याएं बढ़ सकती थीं. बैठक में बच्चों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए भी प्रेरित किया गया. कार्यक्रम के अंत में कम्युनिटी एजुकेटर अमरसिंह राजपूत ने सभी बालक-बालिकाओं का आभार व्यक्त किया, बैठक में बड़ी संख्या में बच्चों ने सहभागिता की.

अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष चयन को लेकर रायशुमारी

शुजालपुर, 11 जुलाई. कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के शाजापुर जिला प्रभारी निजामुद्दीन मंसूरी शनिवार को शुजालपुर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया. उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों से बायोडाटा लिए तथा स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा कर रायशुमारी की.

मंसूरी ने कहा कि अल्पसंख्यक विभाग को मजबूत कर पार्टी संगठन को सशक्त बनाना प्राथमिकता है. रायशुमारी के आधार पर रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व को सौंपी जाएगी और हाईकमान का निर्णय सर्वमान्य होगा. इस दौरान वरिष्ठ नेता फकीर मोहम्मद, आशिक हुसैन बोहरा और इरशाद खान जैदी भी मौजूद रहे. जिला अध्यक्ष हसन रजा कुरैशी ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी भंग होने के बाद नए सिरे से जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है. इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, शहर अध्यक्ष रईस पठान, प्रदेश सचिव गजेंद्र सिसोदिया, कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक परमार, कांग्रेस नेता सागर परमार, मंडलम अध्यक्ष एवं पार्षद बल्ला सोनी, पार्षद राजू दरबार, हाजी सिद्दीक पठान, विष्णु शर्मा, शिव परमार, हाजी इमामी, मुनीम खां, एडवोकेट शुजाउररहमान, अकरम खान, रहमान मुगल, आबिद टेलर, रशीद अंसारी, हसन मिर्जा, इस्लाम अंसारी, गोलू शेख, बाबुल पठान, सोनू मास उपस्थित रहे.

नेत्र परीक्षण शिविर 30 को

शुजालपुर, 11 जुलाई. समाजसेवी एवं खाटू श्याम सेना ट्रस्ट शाजापुर के जिला अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गेहलोत के पूज्य पिता स्वर्गीय देवेंद्र कुमार गेहलोत की स्मृति में 30 जुलाई गुरुवार को नि: शुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा. शिविर का आयोजन सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, संत हिरदाराम नगर एवं सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र, शुजालपुर मंडी के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है.

सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र के प्रभारी खुशीराम आचार्य ने बताया कि शिविर सरकारी अस्पताल के सामने स्थित सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर मंडी में आयोजित होगा. इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की जाएगी तथा मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों का नि: शुल्क ऑपरेशन के लिए चयन किया जाएगा. चयनित मरीजों को सेवा सदन की बस से संत हिरदाराम नगर स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ले जाया जाएगा, जहां उनका नि: शुल्क ऑपरेशन एवं आवश्यक उपचार किया जाएगा.

एक नजर में — बदमाशों ने पुलिस पर किया गुलेल से हमला, आरक्षक घायल

मक्सी में पेट्रोल पंप पर डकैती की साजिश नाकाम, 5 आरोपी गिरफ्तार

मक्सी, 11 जुलाई. मक्सी पुलिस ने पेट्रोल पंप पर डकैती की साजिश को विफल करते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है. कार्रवाई के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर गुलेल से पत्थर बरसाकर भागने का प्रयास किया, जिसमें आरक्षक चंद्रशेखर जाट घायल हो गए. पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में 20 जून को मक्सी में हुई लूट की वारदात भी कबूल कर ली. उनकी निशानदेही पर करीब 4.50 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर एवं 30 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं. पुलिस ने डकैती की तैयारी में इस्तेमाल की जा रही कार, पॉवर कटर, एयर प्रेशर कटर, तीन गुलेल, पत्थर एवं अन्य औजार सहित करीब 16.50 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया है.

शनिवार दोपहर शाजापुर पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने बताया कि थाना मक्सी पर पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 163/2026, धारा 331(6), 309(3) भारतीय न्याय संहिता के प्रकरण में माल एवं आरोपियों की तलाश के दौरान 10 जुलाई 2026 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि मक्सी बायपास एबी रोड ब्रिज के नीचे सिरोलिया रोड की ओर एक काले रंग की किया सोनेट कार क्रमांक एमपी 13 एके 1978 में पांच व्यक्ति, जो पारदी समुदाय की बोली बोल रहे हैं, जियो पेट्रोल पंप, मक्सी पर डकैती डालने की योजना बना रहे हैं. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय वर्मा के नेतृत्व में दो पुलिस टीमों ने घेराबंदी की. पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे और गुलेल से पत्थर चलाए. इस दौरान आरक्षक 221 चंद्रशेखर जाट के दाहिने हाथ में स्क्रू ड्राइवर लगने से चोट आई, लेकिन पुलिस ने पीछा कर सभी आरोपियों को दबोच लिया.

ये हैं पकड़े गए आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मिथुन पारदी पिता किशन पारदी, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम खेजड़ा चक, हाल हड्डी मिल, जिला गुना, बाली पारदी पिता करतार सिंह पारदी, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम करय्या, थाना बहादुरपुर, जिला अशोकनगर, देवराज पंवार पारदी पिता स्व. भूपत सिंह पंवार, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम विश्वानगर, थाना धरनावदा, हाल बूढ़ा बालाजी, जिला गुना , वनराज पंवार पारदी पिता स्व. भूपत सिंह पंवार, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम विश्वानगर, थाना धरनावदा, हाल बूढ़ा बालाजी, जिला गुना और अभिषेक सेलर केवट पिता धनकुमार केवट, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम पिपलोद, थाना कैंट, जिला गुना के रूप में हुई है.

इनकी रही सराहनीय भूमिका

कार्रवाई में थाना प्रभारी संजय वर्मा, उनि मनोहर चौहान, सउनि अभिषेक दीक्षित, प्रआर रामेश्वर जाटव, राजेश पटेल, विपिन सिंह तोमर, निलेश जामलिया तथा आरक्षक चंद्रशेखर जाट, रोहित पटेल, सुरेश मालवीय एवं जगदीश मीणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही. उत्कृष्ट कार्रवाई के लिए पूरी पुलिस टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है.

20 जून की लूट भी कबूली ...

आरोपियों ने 20 जून को मक्सी में हुई लूट की वारदात स्वीकार करते हुए सिरोलिया के जंगल में लूट का माल छिपाने की जानकारी दी . पुलिस ने वहां से सोने-चांदी के जेवर और 30 हजार रुपए नकद बरामद किए . एसपी ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से वारदात में उपयोग की जाने वाली काले रंग की किया सोनेट कार, पॉवर कटर, एयर प्रेशर कटर, बड़ा स्क्रू ड्राइवर, तीन गुलेल एवं अन्य सामान जब्त किया गया है . गिरफ्तार पांच आरोपियों में से चार के विरुद्ध पहले से चोरी, लूट एवं अन्य गंभीर अपराध दर्ज हैं . पुलिस अब इनके अन्य आपराधिक मामलों में संलिप्तता की भी जांच कर रही है .

चाचा ने की अश्लील हरकत

शुजालपुर, 11 जुलाई. क्षेत्र के ग्राम श्यामपुर में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है. एक 14 वर्षीय किशोरी ने अपने सगे चाचा पर अश्लील हरकत करने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार ग्राम श्यामपुर निवासी 14 वर्षीय किशोरी ने अपने माता-पिता के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई. किशोरी ने बताया कि 5 जुलाई की दोपहर वह घर के बाहर खड़ी थी. उस समय उसके माता-पिता खेत पर काम करने गए थे, जबकि भाई-बहन मंदिर के पास खेल रहे थे. इसी दौरान उसका चाचा घर के सामने आया और कथित रूप से अश्लील हरकत करते हुए उसे अपने पास बुलाने लगा. किशोरी डरकर तुरंत घर के अंदर चली गई और शाम को माता-पिता के लौटने पर पूरी घटना की जानकारी दी. परिजनों के अनुसार घटना के बाद आरोपी घर पर नहीं मिला. इसके बाद 10 जुलाई की शाम आरोपी दोबारा घर के सामने आया. किशोरी के पिता ने उससे पहली घटना को लेकर सवाल किया तो आरोपी ने फिर अश्लील हरकत की.